प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

मुख्य समाचार''

- शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण में आज विभिन्न सदस्यों के 40 प्रश्नों के दिए जाएंगे उत्तर।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लघु जल विद्युत विकास योजना को दी मंजूरी– स्वच्छ ऊर्जा पहल को बढ़ावा देना और रोज़गार के अवसर सृजित करना है योजना का उद्देश्य।
- चैत्र नवरात्र के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा–अर्चना जारी–हिन्दू नववर्ष का भी हुआ आगाज।

और

- ऊंची चोटियों पर हिमपात व अन्य क्षेत्रों में हल्की वर्षा से तापमान में आई गिरावट–भारी बर्फबारी व खराब मौसम को देखते हुए अटल टनल रोहतांग के दोनों ओर से एहतियात तौर पर आवाजाही बंद।

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण की आज दूसरी बैठक है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता .....

डिस्पैच....

*विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का प्रस्तुतिकरण व चर्चा होगी। इसके अलावा अनुपूरक बजट प्रथम व अंतिम किस्त वित्तीय वर्ष 2025–26 का प्रस्तुतिकरण व पारण होगा। इसके अलावा आज सदन में मौखिक उत्तर के लिए विभिन्न सदस्यों के कुल 40 प्रश्न रखे गए हैं, जिनमें स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों को भरने का ब्यौरा, शिक्षा, पुल निर्माण, दूध खरीद, खैर कटान, पेयजल व सिंचाई योजनाएं, प्रशासनिक सुविधा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आपदा से नुकसान, सड़क विस्तारीकरण, विधायक प्राथमिकता जैसे अन्य सवालों के प्रश्न पूछे जाएंगे। सदन में अन्य विधायी व शासकीय कार्य भी निपटाए जाएंगे।* रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

मंत्रिमंडल– संक्षिप्त जानकारी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2026–27 से 2030–31 की अवधि के लिए ''लघु जलविद्युत विकास योजना'' को मंजूरी दे दी है। जिसकी कुल लागत लगभग 2 हजार 585 करोड़ रुपये है। इस योजना का उद्देश्य लगभग 1500 मेगावाट क्षमता की लघु जलविद्युत परियोजनाओं की स्थापना करना है। इससे लघु जलविद्युत क्षेत्र में करीब 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश आने की संभावना है, जो स्वच्छ ऊर्जा पहल को बढ़ावा देने, दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित करने में सहायक होगा।

कल, नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह योजना राज्यों को लगभग 200 परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जिससे भविष्य में लघु जलविद्युत परियोजनाओं की एक मजबूत श्रृंखला तैयार की जा सकेगी।

शिपकी ला

भारत और चीन के मध्य पहली जून से किन्नौर के शिपकी ला दर्रे से व्यापार आरम्भ होगा और इसे सफल बनाने के दृष्टिगत अहम तैयारियां की जा रही हैं। भारत–चीन शिपकी ला व्यापार समझौते को ज़मीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कल रिकांगपिओ में एक बैठक की गयी। उपायुक्त ने बताया कि इस व्यापार को सफल बनाने के लिए पूह उपमंडल की ग्राम पंचायत नमग्या के छुप्पन में व्यापारियों के लिए गोदाम व दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय सेना, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल व कस्टम्स विभाग के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा और कार्य क्षेत्रों का निर्धारण सुनिश्चित किया जाएगा ताकि सीमा पार व्यापार करने में कोई समस्या उत्पन्न न हो।

सिकंदर

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने हमीरपुर और ऊना जिलों को जोड़ने वाले रंगस लठियाणी मार्ग के 39 किलोमीटर हिस्से को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का केन्द्र से अनुरोध किया है। नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट के दौरान उन्होंने इस मार्ग के महत्व और लोगों की लम्बित मांग को देखते हुए इस मार्ग के लिए आवश्यक बजट आबंटित करने का आग्रह किया। सिकंदर कुमार ने इस दौरान प्रदेश के विकास, केन्द्रीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन व विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

नवरात्रि

चैत्र नवरात्रि का पावन उत्सव आज से शुरू हो गया है। नवरात्र के साथ ही हिन्दू नववर्ष का प्रारंभ हो गया है। नौ दिवसीय पर्व को लेकर देश सहित प्रदेश में भी उत्साह और उमंग का माहौल है। नवरात्रि के पहले दिन आज प्रदेश के मंदिरों और शक्तिपीठों में मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। यहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें नजर आ

रही है। विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की भीड़ और नवरात्र मेलों के चलते प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित जयराम ठाकुर ने चैत्र नवरात्र व हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं।

मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश के अधिकांश भागों में बीते कल से वर्षा व बर्फबारी का सिलसिला जारी है। प्रदेश की उंची चोटियों पर रूक–रूक कर हिमपात और अन्य क्षेत्रों में आज भी हल्की वर्षा के समाचार हैं। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट आई है जिससे प्रदेश में एक बार फिर ठंड ने दस्तक दी है। विस्तृत ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारे सहयोगी।

––डिस्पैच––

चम्बा, किन्नौर, लाहौल स्पीति सहित कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों पर रूक–रूक कर हो रहे हिमपात व मैदानी क्षेत्रों में हल्की वर्षा व ओलावृष्टि से प्रदेश में एक बार फिर ठंडक ने दस्तक दे दी है। चंबा जिला में पठानकोट, चंबा, भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई अन्य सड़क मार्ग यातायात के लिए अवरूद्ध हैं हालांकि इन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। इधर भारी बर्फबारी और खराब मौसम को देखते हुए लाहौल स्पीति प्रशासन ने एहतियात के तौर पर अटल टनल रोहतांग के दोनों ओर से आवाजाही को बंद कर दिया है। किन्नौर जिले में बारिश के चलते राष्ट्रीय उच्च मार्ग पांच मलिंग नाला के पास चट्टाने गिरने से सड़क मार्ग अवरूद्ध हो गया है। प्रदेश के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि से फसलों को भी नुकसान पहुंचने के भी समाचार हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं विनोद कुमार।

मौसम–2

इस बीच मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि आज और कल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी और अन्य क्षेत्रों में वर्षा और ओलावृष्टि की संभावना है, जिसके लिए विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। खराब मौसम के चलते तापमान में चार से पांच डिग्री सैल्सियस तक की और गिरावट हो सकती है।

नलवाड़ी मेला

बिलासपुर का 137 वर्ष पुराने नलवाड़ी मेला पशु क्रय–विक्रय से लेकर सतलुज आरती तक के विशेष आयोजनों के लिए प्रसिद्ध है। राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला–2026 के अवसर पर तीन दिवसीय कहलूर लोकोत्सव की भी कल शुरुआत हुई। प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए कहलूर लोकोत्सव के दौरान विभिन्न आयोजनों में जिला की विविध संस्कृति के रंग देखने को मिले, जिसमें लोक संगीत, लोक नृत्य, लोक गाथाओं सहित विभिन्न महिला मंडलों व स्थानीय सांस्कृतिक दलों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर

आज समाचार पत्रों ने बजट सत्र से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है। मुख्यमंत्री के हवाले से अमर उजाला ने सुर्खी दी है हिमाचल में अहम पदों से तुरंत हटाए जाएंगे संदिग्ध निष्ठा वाले अधिकारी। दैनिक जागरण का शीर्षक है ओडीआई सूची में शामिल अधिकारियों का सेवा विस्तार व पुनर्नियुक्ति रद्द।

पंजाब केसरी की एक खबर है हिमाचल में आठ जिलों में नई ग्राम पंचायतों के गठन को मंजूरी।

अप्रैल से बिजली महंगी–विद्युत नियामक आयोग इसी महीने जारी करेगा नए टैरिफ शीर्षक से दैनिक भास्कर ने खबर को प्रमुखता दी है।

दिव्य हिमाचल की एक खबर है अब जींस–टीशर्ट में नहीं दिखेंगे कर्मचारी–ऑफिस में शालीन और सादगीपूर्ण पहनावे के दिए निर्देश, सोशल मीडिया के उपयोग पर भी सख्ती।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण में आज विभिन्न सदस्यों के 40 प्रश्नों के दिए जाएंगे उत्तर।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लघु जल विद्युत विकास योजना को दी मंजूरी– स्वच्छ ऊर्जा पहल को बढ़ावा देना और रोज़गार के अवसर सृजित करना है योजना का उद्देश्य।
- चैत्र नवरात्र के पहले दिन आज मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा–अर्चना जारी–हिन्दू नववर्ष का भी हुआ आगाज।

  और
- ऊंची चोटियों पर हिमपात व अन्य क्षेत्रों में हल्की वर्षा से तापमान में आई गिरावट–भारी बर्फबारी व खराब मौसम को देखते हुए अटल टनल रोहतांग के दोनों ओर से एहतियात तौर पर आवाजाही बंद।

..................